## महत्वपूर्ण एवं खास



### रायगढ़ नवनियुक्त कलेक्टर यशवंत कुमार ने संभाला पदभार...

**रायगढ़।** प्रदेश भर में हुये बड़े प्रशासनिक फेरबदल के दौरान रायगढ़ जिले में भी पूर्व कलेक्टर श्रीमति शम्मी आबिदी के स्थान पर बीजापुर कलेक्टर रहे श्री यशवंत कुमार को नवीन पदस्थापना के तहत रायगढ़ जिले में बतौर कलेक्टर प्रभार दिया गया है। इसी कड़ी में आज नवनियुक्त कलेक्टर यशवंत कुमार ने मंगलवार की दोपहर कलेक्ट्रेट पहुंच कर कार्यभार ग्रहण किया। बता दें कि श्री यशवंत कुमार 2008 बैच के आईएएस अधिकारी हैं इसके पूर्व भी वे बतौर प्रशिक्षु आईएएस रायगढ़ में अपनी सेवायें दे चुके है ।

### यूएफबीयू कर्मी रखेंगे कल एक दिनी हड़ताल

#### विलय के खिलाफ ट्रेड यूनियन ने भी उठाई आवाज

रायगढ़ । विजया बैंक और देना बैंक के बैंक ऑफ बड़ौदा में प्रस्तावित विलय के खिलाफ सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बैंकों के करीब 10 लाख कर्मचारियों ने 26 दिसंबर को एक दिन की हड़ताल का आह्वान किया है। ट्रेड यूनियन कौंसिल रायगढ़ ने इसे केंद्र सरकार की जनविरोधी एवं अर्थव्यवस्था को कमजोर करने वाली नीति बतलाते हुए बैंक हड़ताल का समर्थन किया है।

### प्रभु येशु जन्मदिवस की पूर्व संध्या गिरजाघर हुए रौनक

#### आधी रात को मना ख्रिस्त पर्व

**रायगढ़।** सोमवार की रात 12 बजे प्रभु येशु जन्म लेंगे। इसके लिए गिरिजा घरों में मसीहियों ने चरनी को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। इसके लिए गिरिजा घरों में मसीहियों ने चरनी को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। यीशु जन्म को लेकर समाज में खासा उत्साह झलक रहा है। शहर के सभी चर्चों को लाइट्स व झालरों से सजाया गया है। घर-घर जाकर कैरोल गीत का सिलसिला भी चल रहा है। प्रभु येशु के जन्मदिन के ख्रिस्त पर्व क्रिसमस के लिए शहर के सभी गिरजाघरों में तैयारियां अंतिम चरण में है। शहर के ईसाई समुदाय द्वारा ख्रिस्त पर्व के लिए माह भर पहले से ही विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होते रहे हैं।

### जोहल पैलेस के पास ठंड से अज्ञात युवक की मौत पुलिस मौके पर पहचान नही

रायगढ़। केवड़ा बाड़ी बस स्टैंड जोहल पैलेस के बगल ठंड में एक व्यक्ति की मौत हो गई। जिसकी शिनाख्त की जा रही है । मौके पर पुलिस पहुंची 112 टीम पहुंची और मानव अधिकार संगठन के प्रवक्ता नीलकंठ साहू तत्काल वहां पहुंचकर 112 और पुलिस को सूचना दी। अज्ञात युवक की उम्र लगभग 23 से 25 वर्ष के बीच बताई जा रही है मृतक के अभी तक पहचान नहीं हो पाई है कोतवाली पुलिस मौके पर युवक की शिनाख्त का प्रयास कर रही पंचनामा आदि बना कर अस्पताल पहुंचाया जा रहा है।

# यहां किसानों ने गिरा दी राज्यों की सरकारें, उधर रू2 के लिए मंडी में पड़ा है धान !

**रायगढ़।** एकओर जहां किसान के मुद्दों पर सरकारे बनते और गिरते नजर आ रही है। किसान हित को लेकर कांग्रेस ने अभी हाल फिलहाल ही 3 प्रदेशों में अपनी सरकार बनाई है। किसानों के लिए अच्छी योजनाएं, उनकी कर्ज माफी.. कुल मिलाकर उनके सारे हितों को ध्यान रखा जा रहा है। लेकिन अच्छी योजनाएं बना लेने से ही कुछ नहीं हो जाता, उसका पालन करने वाले, व्यवस्था संभालने वाले कर्मचारियों का भी सही होना जरूरी होता है वरना आपकी सारी महत्वाकांक्षी योजनाएं धरी की धरी रह जाएगी। पिछले

▶ बेचारा छोटा किसान परेशान !

▶ साहब से की है शिकायत.. अब आगे क्या होगा..?



मुख्यमंत्री रमन सिंह ने भी इस बात को लेकर आशंका जताई थी और कहा भी था कि अगर आप कमीशन लेना छोड़ देंगे, तो हमें 10 साल और शासन करने से कोई नहीं रोक सकता। लेकिन ऐसा हुआ नहीं और सरकार गिर गई। ऐसा ही एक मामला रायगढ़ जिले के पुसौर ब्लाक से बड़े हरदी सोसायटी का प्रकाश में आया है।

यहां एक किसान जिसका नाम हेमप्रकाश नायक है। उस किसान ने बताया कि वो ग्राम घनतराई का निवासी है। वह एक छोटा किसान हैं।

उसकी मंडी बड़े हरदी पड़ती है। जहां धान तौला और बोरियों में रख भरा जाता है। खुले धान को बोरियों में भरने का लेबर चार्ज सरकार द्वारा वहन होता है। लेकिन बड़े हरदी के मंडी के कायदे थोड़े अलग है। यहां सरकारी नियमों का पालन नहीं होता। बल्कि प्रबंधक के द्वारा बनाया कानून चलता है, जिसमे चार्ज भी लगता है। जब वह अपना धान लेकर मंडी गया तो उसे धान को बोरे में भरने के लिए ?2 प्रति बोरा चार्ज बताया गया। अब आप सोचते होंगे मात्र ?2, ?2 की ही तो बात थी दे देना चाहिए था ! लेकिन वहां प्रतिदिन हजारों बोरिया में धान भरा जाता हैं। तो आप अंदाज लगा सकते हैं कि रकम कुछ हफ्तों में लाखों में हो जाती होगी। लेकिन सवाल यह है। जब पैसा सरकार देती है तो यह पैसा किस के जेब में जाता है। पीड़ित किसान ने मंडी प्रबंधक से बात की और जैसा कि उसने अपने लिखित शिकायतपत्र पर भी लिखा है कि प्रबंधक ने उसे बाद में दूसरे काम में देख लेने की धमकी दी।

### भूपेश मंत्रिमंडल के सबसे कम उम्र के मंत्री उमेश पटेल संभाल रहे हैं पिता की विरासत

**रायपुर।** भूपेश बघेल मंत्रिमंडल का मंगलवार को शपथ ग्रहण हुआ. कांग्रेस के दिग्गज विधायकों को पीछे छोड़कर मंत्री पद की शपथ लेने वाले खरसिया के विधायक 34 वर्षीय उमेश पटेल मंत्रिमंडल के सबसे कम उम्र के मंत्री हैं। पूर्व प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नंद कुमार पटेल के पुत्र उमेश पटेल अपने पिता की झीरम घाटी में नक्सली हमले में हुई मौत के बाद खरसिया विधानसभा सीट पर न केवल उनकी बल्कि एक तरह से कांग्रेस की विरासत को संभाल रहे हैं, क्योंकि खरसिया कांग्रेस का अभेद किला माना जाता है, जहां कांग्रेस का प्रत्याशी कभी पराजित नहीं हुआ है।

## मन्त्रिमंडल के गठन में सर्वहारा वर्ग का ध्यान रखने मुख्यमंत्री भूपेश को साधुवाद :- अग्रवाल समाज

### सुनील लेन्ध्रा ने बघेल के प्रति आभार जताया



**रायगढ़** । मंत्री मंडल गठन के दौरान प्रदेश के सभी क्षेत्रों का समुचित प्रतिनिधित्व शामिल करने एवं सर्वहारा वर्ग का ध्यान रखने सूबे के मुखिया माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को साधुवाद देते हुए अग्रवाल समाज के अध्यक्ष सुनील लेन्ध्रा ने कहा कि कोरबा के विधायक जयसिंह अग्रवाल को भी मन्त्री मंडल में शामिल कर उन्होंने अग्र समाज के प्रतिनिधित्व का समुचित ध्यान रखा । पूरे प्रदेश के अग्र बंधुओ की ओर से इस कदम का स्वागत करते है । विदित हो कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर भूपेश बघेल जी मुख्यमंत्री बने उनके नेतृत्व में प्रदेश विकाश् के नए सोपान तय करेगा । अपने कार्य विस्तार हेतु गठित मंत्रीमंडल में प्रदेश में निवासरत सभी क्षेत्र के जनप्रतिनिधियो को समुचित स्थान दिया गया । पिछड़ा वर्ग सतनामी आदिवासी, अल्पसंख्यक,ब्राम्हण समाज महिला वर्ग अग्रवाल समाज सहित सभी वर्ग से जुड़े जनप्रतिनिधियों को मंत्री मंडल में शामिल करने से हमारा प्रदेश सामाजिक संतुलन स्थापित करने के मामले में मिथक स्थापित करेगा ।

## ग्रामीण क्षेत्र में जागरुकता की कमी, कोख में मर रहे नवजात

#### 119 माह में 2427 शिशुओं की जन्म के साथ हुई मौत

**रायगढ़।** जिले में अभी भी प्रसव पूर्व महिलाओं में जागरुकता का अभाव देखने को मिल रहा है। जिसके चलते प्रसूता की कोख में ही नवजात की मौत हो जाती है। इस मामले में महिलाओं में जागरुकता की कमी सबसे ज्यादा सामने आ रही है। खास बात यह है कि यदि बीते 10 सालों के आंकड़ों पर नजर डाली जाए तो 119 माह में ही 2427 शिशुओं की मौत हुई है। इस मामले में विशेषज्ञों का कहना है कि पहली बार गर्भवती होने वाली महिलाओं का पूरी तरह ध्यान रखने में कोताही बरती जा रही है। ग्रामीण अंचल में ऐसे घरों में परिवार की बुजुर्ग महिलाओं का मार्गदर्शन जरुरी है। ताकि गर्भस्थ शिशु को बेहतर तरीके से जन्म दिया जा सके लेकिन अधिकांश महिलाओं की जरा सी लापरवाही मां बनने से पहले ही अपने शिशु को खो देती

## सरकारी खजाना लूटने वाले राईस मिलरों पर होगी कार्रवाई !

### क्या भ्रष्ट्र तंत्र पर नकेल कसने में सफल होगी नई सरकार

**रायगढ़।** जिला में अधिकारियों की सह पर पूर्ववर्ती सरकार के करीबी होने का फायदा उठाते हुए चंद राइस मिलरों द्वारा शासन को करोड़ों रुपए का चूना लगाया जा रहा है। आश्चर्य की बात यह है कि सब कुछ पारदर्शी और ऑनलाइन होने की वजह से साफ-साफ दिखाई भी दे रहा है।



इसके बावजूद इन लोगों पर नकेल कसने के बजाए विभागीय अधिकारी आंख मूंदकर अपने कर्तव्य निर्वहन को अनदेखी करते हुए ईमान और धर्म को चंद लोगों के हितों पर बलि चढ़ा रहे हैं। रायगढ़ जिला में यहां के राइस मिलों के लिए कस्टम मिलिंग के तहत चावल जमा करने के लिए निश्चित मात्रा निर्धारित की गई है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक
आवश्यकता
इस संघ का गठन सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं. 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु. सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐश्वर्या श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुर्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्त, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।
उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।
मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।
पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।
अन्य बिन्दु
● संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
● पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं सांविधानिक दृष्टि के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
● संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
● संघ द्वारा सांविधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
● संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूर्धन्य विद्वानों पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।
पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career School, Raigarh, C.G.
Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU




तत्काल आवश्यकता है
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090
ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग
वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....
न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400
न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की
खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480